बैंक ऑफ़ बड़ौदा
Bank of Baroda

अधीनस्थ स्टाफ की नियुक्ति वर्ष 2016-17

बैंक ऑफ बड़ौदा, अंचल कार्यालय, प्लॉट न.13,"'बडौदा हाउस" एयरपोर्ट प्लाजा ,दुर्गापुरा ,टोंक रोड, जयपुर- 302018 **राजस्थान** में स्थित विभिन्न जिलों के कार्यालयों एवं शाखाओं के लिए **"पूर्णकालिक सफाई कर्मचारी सह चपरासी"** के पद हेतु आवेदन आमंत्रित करता है | जिसका विवरण निम्नानुसार है:-

राज्य	कुल पद	अ.जा	अ.जजा	अ.पि. वर्ग	अ.रा.	जिनमें से			
						आ.वि	वि.आई (दृष्टिबाधित)	एच आई (बधिरता युक्त)	एक्स सर्विस मैन (भूतपूर्व सैनिक)
राजस्थान	143	35	17	19	72	1	2	1	11

संक्षिप्त : अ.जा – अनुसूचित जाति, अ.जजा – अनुसूचित जनजाति, अ.पि.वर्ग – अन्य पिछड़ा वर्ग, अ.रा. – अनारक्षित, आ.वि – आस्थि विकलांग, वि.आई – दृष्टिबाधित, एच आई – बधिरता युक्त, एक्स सर्विस मैन - भूतपूर्व सैनिक |

राजस्थान राज्य के विभिन्न जिलों के विभिन्न शाखाओं / कार्यालयों में रिक्त पद – बाड़मेर, पाली, नागौर, जालौर, जोधपुर, भीलवाड़ा, चित्तोडगढ़, अजमेर, जयपुर, सीकर, दौसा, ढोलपुर, करौली, सवाई माधोपुर, बाराँ, बूंदी, कोटा, झालावाड़, टोंक, श्री गंगानगर, बीकानेर, चुरू, झुञ्झुनू, हनुमानगढ़, डुंगरपुर, सिरोही, प्रतापगढ़, राजसमंद, उदयपुर, बांसवाड़ा

<u>पात्रता का मानदंड (दिनांक 13.12.2016 तक)</u>

<u>उम्र :-</u>

दिनांक 13.12.2016 को आवेदक की न्यूनतम आयु 18 वर्ष एवं अधिकतम आयु 26 वर्ष से अधिक नहीं होनी चाहिए। अ.ज/अ.जजा/अ.पि.वर्ग/पी डब्लू डी/ भूतपूर्व सैनिक उम्मीदवार को सरकारी दिशानिर्देशानुसार आयु में छूट दी जाएगी।

<u>ऊपरी आयु सीमा में छूट</u>

क.संख्या	वर्ग	आयु में छूट
1	अनारक्षित(अ.रा.)	लागू नहीं
2	अनुसूचित जाति / अनुसूचित जन जाति	5 वर्ष
3	अन्य पिछडा वर्ग (नॉन क्रीमिलेयर)	3 वर्ष
4	दिव्यांग आवेदक (पीडब्ल्यूडी)	10 वर्ष
5	भूतपूर्व सैनिक / दिव्यांग भूतपूर्व सैनिक	वास्तविक रक्षा सेवा की अवधि + 3 वर्ष (8 वर्ष दिव्यांग भूतपूर्व सैनिक एससी/एसटी से संबंधित) अधिकतम आयु सीमा 50 वर्ष
6	विधवाएं /तल्लाकशुदा महिलाएं तथा वे महिलाएं जो कानूनी तौर पर अपने पति से अलग हो गई हैं और पुन: विवाह नही किया हो	9 वर्ष
7	जम्मू एवं कश्मीर राज्य मे 01.01.1980 से 31.12.1989 के दौरान सामान्य रूप से अधिवासी व्यक्ति	5 वर्ष
8	1984 दंगो से पीड़ित व्यक्ति	5 वर्ष
9	यूनियन कार्बाइड फेक्टरी , भोपाल के नियमित कर्मचारी जो की नौकरी से हटाये गए थे (केवल मध्य प्रदेश राज्य के लिए)	5 वर्ष

अनुसूचित जाति / अनुसूचित जन जाति/ अन्य पिछडा वर्ग उम्मीदवारों को अधिकतम आयु मे छूट संचयी आधार पर उस शेष श्रेणी प्रदान की जाएगी , जिसके लिए आयु मे छूट की अनुमति दी गयी है।

अनारक्षित आवेदक के लिए आयु की अधिकतम सीमा 26 वर्ष है।

शैक्षणिक योग्यता

- मैट्रिक या उसके समतुल्य परीक्षा उत्तीर्ण की हो।
- उम्मीदवार को स्थानीय देशी भाषा पढ़ने और लिखने में सक्षम होना चाहिए। अंग्रेजी भाषा के ज्ञान को महत्व दिया जाएगा।

आवेदन शुल्क

देय आवेदन शुल्क / सूचना प्रभार (ऑनलाइन/ आफ़लाइन भुगतान) निम्नानुसार हैं:-
अ.ज/अ.जजा/ पी डब्लू डी/ भूतपूर्व सैनिक के लिए रु. 100/-
अन्य सभी के लिए रु.400/-
भुगतान के तरीके -

1. **ऑनलाईन भुगतान – (क्रेडिट कार्ड / डेबिट कार्ड एवं नेट बैंकिंग)** – आवेदन शुल्क के ऑनलाईन भुगतान संबंधी बैंक प्रभार / सूचना प्रभार का वहन उम्मीदवार द्वारा किया जाएगा।
2. **ऑफलाईन भुगतान – (बैंक ऑफ बडौदा चालान)** – ऑनलाईन पोर्टल पर आवेदन की प्रक्रिया पूरा करने पर शुल्क के भुगतान हेतु एक जमा पर्ची (बैंक ऑफ बडौदा चालान) जनरेट होती है, केवल इसी जमा पर्ची का उपयोग शुल्क जमा करने के लिए किया जाना चाहिए ताकि यह सही बैंक खाते में जमा हो सके।

आवेदक बैंक ऑफ बडौदा की नजदीकी शाखा में जाकर इस जमा पर्ची के साथ शुल्क जमा करें

ऑनलाइन आवेदन करने की शुरुवात तिथि 23.11.2016 है।	**ऑनलाइन आवेदन करने की अंतिम तिथि 13.12.2016 है।**
आवेदन शुल्क भुगतान की तिथि	23.11.2016 -13.12.2016

इच्छुक आवेदक दिये गए लिंक पर ऑनलाइन आवेदन कर सकते है - http://jaipur.bobcareers.in / www.bankofbaroda.co.in (Careers Section)

वेतन एवं भत्ते - रूपये 9560/- से लेकर रूपये 18545/- + महंगाई भत्ता + मकान किराया भत्ता + अन्य लागू भत्ते

चयन प्रक्रिया

उम्मीदवारों का चयन ऑनलाइन परीक्षा के माध्यम से पूर्णतः योग्यता के आधार पर किया जाएगा।
परीक्षा संबंधी विवरण निम्नानुसार है:-

क्र.सं	**विषय**	**कुल अंक**	**न्यूनतम उत्तीर्णांक**	**कुल समय**
1	स्थानीय भाषा ज्ञान	30	12	2 घंटा
2	अँग्रेजी भाषा ज्ञान	10	4	
3	सामान्य ज्ञान एवं बैंकिंग जानकारी	20	8	
4	सामान्य गणित ज्ञान	20	8	
5	साईकोमेट्रिक टेस्ट	20	8	
	कुल	**100**	**40**	

सरकारी दिशानिर्देशानुसार अ.ज/अ.जजा श्रेणी के उम्मीदवारों के अंक में 5% की रियायत दी जाएगी।

अंग्रेजी भाषा के ज्ञान को छोड़कर सभी प्रश्न द्विभाषी अर्थात अंग्रेजी एवं हिन्दी में उपलब्ध होंगे।

बैंक परीक्षा की संरचना में संशोधन का अधिकार अपने पास सुरक्षित रखता है ऑर इसकी सूचना बैंक की वैबसाइट की माध्यम से दी जाएगी। परीक्षा संबंधी अन्य विस्तृत सूचना - हैंडआउट में दी जाएगी, जो कि उम्मीदवार को उनके कॉल लेटर के साथ भेजा जाएगा/ जिसे बैंक की वैबसाइट से डाउनलोड भी किया जा सकता है।

<u>अस्वीकरण :-</u>

चयन प्रक्रिया की किसी भी चरण में उम्मीदवार द्वारा गलत सूचना देने ऑर/अथवा प्रक्रिया का उल्लंघन करने पर उम्मीदवार को चयन प्रक्रिया से बाहर कर दिया जायेगा ऑर उसे भविष्य में बैंक की किसी भी परीक्षा में शामिल होने की अनुमति नहीं दी जाएगी। अगर ऐसे मामलों का पता चालू चयन प्रक्रिया की दौरान नहीं चलता है बल्कि प्रक्रिया की समाप्ती पर चलता है तो यह अपात्रता पूर्व प्रभावी स्वरूप वाली होगी । इस भर्ती प्रक्रिया को बिना कोई कारण बताए रद्द करने का प्राधिकार बैंक अपने पास सुरक्षित रखता है । इस भर्ती से संबंधी मामलों में बैंक द्वारा लिया गया निर्णय अंतिम होगा तथा सभी उम्मीदवारों को बाध्यकारी होगा । इस विषय से संबंधी कोई भी मुकदमा राजस्थान राज्य के अंदर ही स्वीकार्य होगा।